# हिंदी
# (201)

समय : 3 घंटे

कुल अंक : 100

**निर्देश** :– (1) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(2) **सभी** प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उत्तर दीजिए ।

(3) हर प्रश्न के सामने निर्धारित अंक दिए गए हैं ।

**1.** 'प्रिय महोदय' संबोधन किया जाता है : 1

(A) घरेलू पत्रों में

(B) अनौपचारिक पत्रों में

(C) औपचारिक पत्रों में

(D) संवेदना पत्रों में

**2.** कौन-सी विशेषता सार की **नहीं** है ? 1

(A) विस्तार

(B) केंद्रीय भाव न छूटना

(C) संक्षिप्तता

(D) स्पष्टता

**3.** कौन-सा वाक्य शुद्ध है ? 1

(A) आप चलें, मैं आ रहा भी हूँ

(B) आप चलो, मैं भी आ रहा हूँ

(C) आप चलिए, मैं भी आ रहा हूँ

(D) आप भी चलो, मैं भी आ रहा हूँ

**4.** 'बीती विभावरी जाग री' कविता में मुख्य रूप से किसके सौंदर्य का वर्णन है ? 1

(A) प्रेयसी का

(B) आकाश का

(C) प्रकृति का

(D) पनघट का

**5.** 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में किसके स्वयंवर का वर्णन किया गया है ? 1

(A) सरसों के

(B) अलसी के

(C) चिड़िया के

(D) प्रकृति के

6. कबीर के अनुसार अच्छे कुल में जन्म लेने पर भी आदमी निंदा का पात्र होता है, जब वह : 1

(A) अच्छे कर्म नहीं करता

(B) साधुओं का सत्संग नहीं करता

(C) धन को इकट्ठा नहीं होने देता

(D) सुरापान नहीं करता

7. 'छऊ' किस प्रदेश का प्रसिद्ध नृत्य है ? 1

(A) असम का

(B) झारखण्ड का

(C) उत्तरांचल का

(D) पश्चिम बंगाल का

8. फोटो के नीचे छपी सूचना को अखबार की भाषा में कहते हैं : 1

(A) सब हेडिंग

(B) इंट्रो

(C) कैप्शन

(D) समाचार स्रोत

9. 'अपना-पराया' पाठ के आधार पर बताइए कि जीभ भोजन में आए अनचाहे पदार्थ को : 1

(A) नहीं पहचान पाती

(B) पहचान लेती है

(C) पेट में पहुँचा देती है

(D) दाँतों से दूर रखती है

10. 'सरकारी मकान' कहानी में माँ की बीमारी की जाँच की रिपोर्ट मिलते ही बनवारी प्रसन्न हो उठा । क्योंकि : 1

(A) वह साधारण बीमारी थी

(B) उसके इलाज में बहुत कम पैसा लगना था

(C) इससे उसके वेतन में वृद्धि होनी थी

(D) इससे उसे सरकारी मकान मिलना था

11. 'ठेले पर हिमालय' पाठ के लेखक निकट से क्या देखने कौसानी गये थे ? 1

(A) कौसानी को (B) हिमालय को

(C) बादलों को (D) हिम को

12. ''गुरु कुम्हार सिष कुंभ है, गढ़ि गढ़ि काढ़ै खोट''
—उपर्युक्त पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए । 1

13. 'आज मैं बीज हूँ' कविता के माध्यम से कवि ने क्या जीवन-संदेश दिया है ? 1

14. 'इसे जगाओ' कविता में सोया हुआ आदमी कौन है ? कवि ने किस-किस से उसे जगाने का आग्रह किया है और क्यों ? लगभग 60 शब्दों में अपना उत्तर लिखिए । 5

15. बिल्डिंग में लगी आग को देखकर किरण बेदी ने अपने पूरे शरीर को पानी में क्यों भिगो लिया ? 1

16. 'बहादुर' कहानी के आधार पर बहादुर के चरित्र की विशेषताओं का वर्णन 60-70 शब्दों में कीजिए । 5

17. 'जैसे कोई और हो' पाठ के आधार पर बस और सरकारी तंत्र की **एक-एक** समानता का उल्लेख कीजिए । 1

18. पत्र में तिथि का उल्लेख करना क्यों आवश्यक है ? 1

19. (क) हिंदी भाषा की लिपि का नाम लिखिए । 1

(ख) राजभाषा किसे कहते हैं ? 1

20. (क) किन्हीं **दो** में संधि-विच्छेद कीजिए : 2
प्रत्युत्तर, सूर्योदय, रमेश ।

(ख) 'त्व' और 'इक' प्रत्ययों से **दो-दो** शब्द बनाइए । 2

(ग) किन्हीं **दो** के **दो-दो** पर्यायवाची शब्द लिखिए : 2
फूल, बादल, सूर्य ।

21. किन्हीं **दो** मुहावरों का वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए : 2

(*i*) आकाश-पाताल एक करना;

(*ii*) आँखें दिखाना;

(*iii*) ईद का चाँद होना ।

22\. (क) निम्नलिखित में से किसी **एक** जोड़े के दोनों शब्दों का अलग-अलग वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए : 2

(*i*) परिणाम, परिमाण;

(*ii*) हँसी, हंसी ।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यांशों के लिए **एक-एक** शब्द लिखिए : 2

(*i*) जो दूसरों से ईर्ष्या करे;

(*ii*) दूर की बात सोचने वाला;

(*iii*) जो सब कुछ जानता हो ।

23\. निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए : 5

(क) राजू छत पर से गिर पड़ा ।

(ख) युद्ध में अनेकों सैनिक मारे गए ।

(ग) मुझे एक पानी का गिलास दो ।

(घ) कृपया मेरा भी हिसाब करने की कृपा करें ।

(ङ) तुम तुम्हारे घर चले जाओ ।

24\. मित्र की बहन के विवाह के निमंत्रण के उत्तर में उसे बधाई-पत्र लिखिए । 7

**अथवा**

जल बोर्ड के प्रशासनिक अधिकारी को अपनी बस्ती में पेय जल की समस्या से परिचित कराते हुए उसके समाधान हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए ।

25\. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर अपने विचार लगभग 60 शब्दों में लिखिए : 5

(क) गया समय फिर हाथ नहीं आता ।

(ख) जहाँ सुमति तहाँ सम्पत्ति नाना ।

(ग) ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोय ।

(घ) औरों को हँसते देखो, हँसो और सुख पाओ ।

26\. निम्नलिखित किसी **एक** विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबंध लिखिए : 10

(क) बाल मज़दूरी की समस्या और समाधान ।

(ख) महानगरों में बढ़ता प्रदूषण ।

(ग) मेरा भारत महान ।

(घ) नागरिक जीवन और सुरक्षा ।

(ङ) दूरदर्शन : मनोरंजन का एक साधन ।

**27.** एक विद्यालय में छठी कक्षा से लेकर दसवीं कक्षा तक कुल 606 छात्र पढ़ते हैं—छठी में 140, सातवीं में 133, आठवीं में 122, नौवीं में 115 और दसवीं में 96 छात्र । प्रत्येक कक्षा में चार-चार अनुभाग अर्थात् सैक्शन ए, बी, सी, डी हैं । अनुभागों के अनुसार छात्रों की संख्या इस प्रकार है :—

छठी कक्षा में क्रमशः 35, 35, 35 और 35 छात्र; सातवीं कक्षा में क्रमशः 35, 34, 34 और 30 छात्र; आठवीं कक्षा में क्रमशः 32, 32, 30 और 28 छात्र; नौवीं कक्षा में क्रमशः 30, 30, 30 और 25 छात्र और दसवीं कक्षा में क्रमशः 24, 24, 24 और 24 छात्र हैं ।

उपर्युक्त सूचनाओं को उपयुक्त तालिका द्वारा दर्शाइए । 5

**28.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

निर्झर में गति है, यौवन है, वह आगे बढ़ता जाता है ।
धुन एक सिर्फ है चलने की, अपनी मस्ती में गाता है ।
बाधा के रोड़ों से लड़ता, वन के पेड़ों से टकराता ।
बढ़ता चट्टानों पर चढ़ता, चलता यौवन से मदमाता ।
निर्झर कहता है—बढ़े चलो, तुम पीछे मत देखो मुड़कर ।
यौवन कहता है—बढ़े चलो, सोचो मत होगा क्या चलकर ।
चलना है—केवल चलना है, जीवन चलता ही रहता है ।
मर जाना है रुक जाना ही, निर्झर यह झरकर कहता है ।

**प्रश्न :**

(*i*) काव्यांश में जीवन और मरण की क्या पहचान बतायी गयी है ? 2

(*ii*) निर्झर को गाता हुआ क्यों कहा गया है ? हम अपने जीवन में उससे क्या प्रेरणा ले सकते हैं ? 2

(*iii*) कविता में प्रयुक्त 'रोड़े', 'चट्टानें' और 'पेड़' शब्द किनकी ओर संकेत करते हैं ? 1

(A) बाधाएँ और अड़चनें
(B) प्राकृतिक सौंदर्य
(C) पहाड़ी मार्ग
(D) नदी और तालाब

(*iv*) कौनसी विशेषता झरने में **नहीं** है ? 1

(A) गति
(B) यौवन
(C) मस्ती
(D) स्थिरता

**29.** कल्पना कीजिए कि आप जिस रेलगाड़ी से यात्रा कर रहे थे वह अचानक आई बाढ़ के कारण निर्जन स्थान पर खड़ी हो गई और पानी से घिर गई । ऐसे में अपनी मनोदशा का वर्णन लगभग **40** शब्दों में कीजिए । 4

**30.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

ज़िन्दगी के असली मज़े उनके लिए नहीं हैं जो फूलों की छाँह के नीचे खेलते और सोते हैं । बल्कि फूलों की छाँह के नीचे अगर जीवन का कोई स्वाद छिपा है तो वह भी उन्हीं के लिए है जो दूर रेगिस्तान से आ रहे हैं जिनका कंठ सूखा हुआ, ओंठ फटे हुए और सारा बदन पसीने से तर है । सुख देने वाली चीज़ें पहले भी थीं और अब भी हैं । फ़र्क यह है कि जो सुखों का मूल्य पहले चुकाते हैं और उनके मज़े बाद में लेते हैं उन्हें स्वाद अधिक मिलता है । जिन्हें आराम आसानी से मिल जाता है, उनके लिए आराम ही मौत है । जो लोग पाँव भीगने के खौफ़ से पानी से बचते रहते हैं, समुद्र में डूब जाने का खतरा उन्हीं के लिए है । लहरों में तैरने का जिन्हें अभ्यास है, जो गहरे पैठना जानते हैं, वे ही मोती लेकर बाहर आएँगे ।

**प्रश्न :**

(*i*) 'फूलों की छाँह' का आशय है : 1

(A) फूलों वाले पेड़ की छाया

(B) सुख-सुविधाओं की अधिकता

(C) ईश्वर की कृपा

(D) खेलने और सोने के दिन

(*ii*) रेगिस्तान से आ रहे व्यक्ति का उल्लेख क्यों किया गया है ? उसकी दशा का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए । 2

(*iii*) जीवन में असली आनंद कौन उठाते हैं ? 1

(A) जो खूब धन-संपत्ति जोड़ते हैं

(B) जो फूलों की छाँह में सोते हैं

(C) जो पसीना बहाकर कठिन परिश्रम करते हैं

(D) जो रेगिस्तान में नहीं रहते हैं

(*iv*) 'सुखों का मूल्य चुकाकर बाद में मज़े लेना'—कथन से लेखक का क्या आशय है ? 2

(*v*) सफलता के मोती प्राप्त करने के लिए क्या कष्ट उठाने पड़ते हैं ? कैसे लोग उनसे वंचित रह जाते हैं ? 2

(vi) आराम किनके लिए मृत्यु के समान है ? 1

(vii) 'पाँव भीगने का खौफ़' से क्या आशय है ? 1

(viii) उपर्युक्त गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए । 1

(ix) उपर्युक्त गद्यांश का सार लगभग एक-तिहाई शब्दों में लिखिए । 2

**31.** किसी डिटर्जेंट साबुन **अथवा** किसी आयुर्वेदिक केश तेल के लिए एक छोटा किन्तु आकर्षक विज्ञापन लिखिए । 5

**अथवा**

आपके गाँव में स्थित सहकारी बैंक कुछ कामों के लिए किसानों को कम ब्याज दर पर ऋण दे रहा है । इस संबंध में सूचना देने और आवेदन आमंत्रित करने के लिए एक सूचना का प्रारूप लिखिए जिसे पंचायत घर के सूचनापट पर लगाया जाएगा ।